**Need to construct a heliport in Haridwar, Uttarakhand.-laid**

श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत **(**हरिद्वार**) :** हरिद्वार एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन केंद्र है, जहां वर्षभर लाखों श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं । विशेष रूप से अप्रैल से अक्टूबर तक चारधाम यात्रा के दौरान यात्री संख्या कई गुना बढ़ जाती है । सावन माह में कांवड़ यात्रा के कारण भी सड़क यातायात अत्यधिक प्रभावित रहता है । इसके अलावा, गर्मी की छुट्टियों में हरिद्वार, ऋषिकेश और उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों की संख्या करोड़ों तक पहुंच जाती है, जिससे जॉली ग्रांट हवाई अड्डा एवं देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट पर अत्यधिक दबाव पड़ता है । ऐसी परिस्थिति में, यात्रियों की सुविधा और तीर्थयात्रा को सुगम बनाने के लिए हरिद्वार में एक अत्याधुनिक हेलीपोर्ट का निर्माण आवश्यक है । केंद्र सरकार के सहयोग से विकसित इस हेलीपोर्ट से दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा एवं अन्य राज्यों के श्रद्धालु हेलीकॉप्टर सेवा का लाभ उठा सकेंगे, जिससे यात्रा का समय बचेगा और सड़क यातायात का दबाव भी कम होगा । इसके अतिरिक्त, हरिद्वार को हेलीपोर्ट के माध्यम से चारधाम यात्रा मार्ग से जोड़ने से श्रद्धालुओं को तीव्र, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा । इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी । अतः सरकार से इस विषय पर शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध करता हूं ।